# श्री नर नारायण सेवा समिति (रजि. 00435) कैथल

**॥ शिक्षा है अनमोल रत्न ॥ पढ़ने का सब करें जतन ॥**

**गौरवशाली सेवा यात्रा (2005 से निरंतर):** श्री नर नारायण सेवा समिति, कैथल समाज के वंचित, पिछड़े व अभावग्रस्त वर्ग के बच्चों और नागरिकों के उत्थान के लिए पूरी तरह समर्पित है। निःस्वार्थ सेवा की भावना से प्रेरित होकर, हमारी संस्था कैथल शहर में निःशुल्क शिक्षा, सिलाई, मेहंदी, कौशल विकास, स्वास्थ्य और गौ-सेवा जैसे विभिन्न प्रकल्पों पर निरंतर कार्य कर रही है। ये सभी सेवा प्रकल्प आप सभी दानी सज्जनों और सहयोगियों के निःस्वार्थ योगदान से ही संभव हो पा रहे हैं।

## 1. निःशुल्क शिक्षा केंद्र प्रकल्प (Daily Evening Classes)

समिति द्वारा प्रतिदिन कैथल की विभिन्न सेवा बस्तियों में बच्चों को शाम के समय (सर्दियों में 3:30 से 5:30 बजे और गर्मियों में 4:00 से 6:00 बजे तक) निःशुल्क शिक्षा और संस्कार दिए जा रहे हैं। वर्तमान में संचालित सभी 13 शिक्षा केंद्रों का विवरण इस प्रकार है:

| क्र. | शिक्षा केंद्र का नाम | स्थान | अध्यापक | विद्यार्थी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | केशव शिक्षा केंद्र | आर.के.एम. के पीछे | 5 | 160 |
| 2 | माधव शिक्षा केंद्र | पंत नगर, दादा खेड़ा के सामने | 2 | 100 |
| 3 | गुरु नानक शिक्षा केंद्र | सिग्नस अस्पताल के सामने | 1 | 35 |
| 4 | राजा हरीशचंद्र शिक्षा केंद्र | सिरटा रोड़ | 1 | 45 |
| 5 | शिव शिक्षा केंद्र | शिव वाटिका, प्रताप गेट | 1 | 60 |
| 6 | सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षा केंद्र | सिरटा रोड़ | 1 | 35 |
| 7 | अर्जुन शिक्षा केंद्र | अर्जुन नगर | 1 | 25 |
| 8 | रानी लक्ष्मी बाई शिक्षा केंद्र | शोरगिर बस्ती, उद्योग मार्ग | 1 | 25 |
| 9 | स्वामी दयानन्द शिक्षा केंद्र | डेहा बस्ती, ट्रक यूनियन के सामने | 1 | 20 |
| 10 | गुरु द्रोणाचार्य शिक्षा केंद्र | राम नगर, भाट बस्ती | 2 | 90 |
| 11 | स्वामी विवेकानन्द शिक्षा केंद्र | सरकारी स्कूल, जीन्द रोड़ | 1 | 20 |
| 12 | संत कबीर शिक्षा केंद्र | वाल्मीकि बस्ती, रेलवे स्टेशन | 2 | 80 |

| क्र. | शिक्षा केंद्र का नाम | स्थान | अध्यापक | विद्यार्थी |
|---|---|---|---|---|
| 13 | उदिति शिक्षा केंद्र | कर्ण विहार कालोनी | 1 | 60 |

- **औपचारिक स्कूली शिक्षा व परिवहन:** इन सेवा बस्तियों से 215 बच्चे रोजाना स्कूल बस व वैन के माध्यम से 'आर्य कन्या उच्च विद्यालय' में मुख्यधारा की शिक्षा प्राप्त करने जाते हैं।
- **दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति:** इन बच्चों की पढ़ाई का पूरा खर्च समिति उठाती है, जिसमें स्कूल ड्रेस (यूनिफॉर्म), जूते, मोज़े, कॉपियां, किताबें, school बैग और फीस शामिल हैं।
- **संस्कार व त्योहार:** बच्चों के बीच खुशियां बांटने के लिए उनके जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ और सभी प्रमुख त्योहार (दिवाली, दशहरा, लोहड़ी, स्वतंत्रता दिवस आदि) समय-समय पर मनाए जाते हैं।

**सहयोग की अपील:** आप मात्र ₹7,200/- वार्षिक का योगदान देकर एक बच्चे को गोद ले सकते हैं और उसकी पूरे साल की शिक्षा व जरूरतों में मदद कर सकते हैं, या एक स्वयंसेवक (*Volunteer*) शिक्षक के रूप में हमसे जुड़ सकते हैं।

## 2. अन्नपूर्णा रसोई: नि:शुल्क टिफिन सेवा

कैथल शहर में असहाय, लाचार और अकेले रहने वाले बुजुर्गों के लिए **"सीनियर सिटिजन टिफिन सेवा"** चलाई जा रही है। 7 समर्पित सेवादारों की मदद से प्रतिदिन **207 बुजुर्गों** (चौधरी मार्बल हाउस, पुराना के पास से संचालित) तक पूरी शुद्धता के साथ सुबह-शाम का पौष्टिक भोजन सीधे उनके घर तक पहुँचाया जाता है।

## 3. नि:शुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य प्रकल्प

- **नेत्र दान जागरूकता एवं सेवा:** समाज के लोगों को मरणोपरांत नेत्रदान करने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित करने का कार्य समिति निरंतर कर रही है। समिति के माध्यम से अब तक **25 से ज्यादा लोगों का सफल नेत्रदान** संपन्न हो चुका है, जिससे कई दृष्टिहीन लोगों के जीवन में उजाला आया है।
- **माता कृष्णा देवी चिकित्सा सेवा केंद्र:** सिरटा रोड़ पर स्थित इस औषधालय में 1 डॉक्टर और 1 कंपाउंडर की देखरेख में जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त परामर्श और दवाइयां दी जाती हैं।
- **मेडिकल उपकरण सेवा केंद्र:** चौधरी मार्बल हाउस (पुराना) के पास से समाज के लाचार व बीमार व्यक्तियों के लिए जरूरी मेडिकल उपकरण (जैसे बेड, व्हीलचेयर आदि) नि:शुल्क उपलब्ध करवाए जाते हैं।
- **आपातकालीन रक्तदान:** किसी भी आपात स्थिति में मरीजों की जान बचाने के लिए समिति के 119+ पंजीकृत रक्तदाता सदैव तत्पर रहते हैं।

## 4. स्वावलंबन एवं सामाजिक सहायता (Women Empowerment)

- **सिलाई, ब्यूटीशियन व मेहंदी प्रशिक्षण केंद्र:** आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद महिलाओं, बेटियों और बहनों को आत्मनिर्भर व कुशल बनाने के लिए समिति द्वारा नि:शुल्क कौशल विकास केंद्र चलाए जा रहे हैं। वर्तमान में यह सेवाएं निम्नलिखित स्थानों पर दी जा रही हैं:
    - सिलाई प्रशिक्षण केंद्र – चौधरी मार्बल हाउस (पुराना) [यहाँ वर्तमान में 1 अध्यापिका की देखरेख में 12 बहनें प्रशिक्षण ले रही हैं]

    - माधव सिलाई केंद्र – माधव शिक्षा केंद्र, पंत नगर, कैथल
    - उदिति सिलाई केंद्र – कर्ण विहार कॉलोनी, कैथल
- **नेकी की दीवार:** जीन्द रोड़ पर स्थित इस माध्यम से संपन्न परिवारों द्वारा दिए गए कपड़े और अन्य जरूरत का सामान एकत्रित कर जरूरतमंदों को बिना किसी शुल्क के उपलब्ध कराया जाता है।

## 5. गौ-सेवा एवं जीव दया (Animal Protection)

बीमार, घायल और लाचार बेजुबान गायों की रक्षा व उनके त्वरित प्राथमिक उपचार के लिए समिति द्वारा विशेष व्यवस्था और हेल्पलाइन का संचालन किया जाता है।

## 6. सहयोग एवं संपर्क विवरण (Support & Contact Us)

आप नीचे दिए गए विवरण के माध्यम से समिति के प्रकल्पों में सहयोग कर सकते हैं:

| | |
|---|---|
| **बैंक खाते का विवरण:**<br>बैंक का नाम: CANARA BANK, Kaithal<br>खाता संख्या: 2045101019597<br>IFSC Code: CNRB0002045<br>Google Pay / PhonePe: 90535-45100 | **संपर्क सूत्र व हेल्पलाइन:**<br>गौ-सेवा हेल्पलाइन: 94161-82931, 89505-15167<br>रक्तदान हेल्पलाइन: 87083-29186, 94169-12580<br>मेडिकल उपकरण हेल्पलाइन: 98121-57664<br>मुख्य संपर्क: 94163-96384, 94670-81694 |
| **कार्यालय का पता:** पूजा मेडिकोज स्टोर के ऊपर, महेश चौक, छात्रावास रोड, कैथल, हरियाणा।<br>**ईमेल:** nnssktl@gmail.com \| **फेसबुक:** facebook.com/narnaryansewasamitiktl | |